मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 07/07/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या-152/2024
07 जुलाई 2024
जगन्नाथपुर, धुर्वा ,राँची

==========================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथयात्रा महोत्सव के अवसर पर आयोजित पूजन-अनुष्ठान कार्यक्रम में हुए सम्मिलित

==========================

★ मुख्यमंत्री ने भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की विधिवत पूजा -अर्चना कर राज्यवासियों की सुख -शांति, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की

==========================

● राज्य की जनता को रथयात्रा की बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं

श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड

जय जगन्नाथ! मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथयात्रा महोत्सव में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर आयोजित पूजन-अनुष्ठान कार्यक्रम में सम्मिलित होकर महाप्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की विधिवत पूजा - अर्चना कर राज्यवासियों की सुख- शांति, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। मुख्यमंत्री ने राज्य की समस्त जनता को रथयात्रा की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने आस्था एवं भक्ति के समागम में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं के साथ जय जगन्नाथ के जयकारे लगाए और रथ की रस्सी को हाथ लगाकर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को मौसीबाड़ी के लिए आगे बढ़ाया।

ऐतिहासिक रथयात्रा के अवसर पर आयोजित पूजा-अनुष्ठान में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विधायक श्री नवीन जायसवाल, विधायक श्री राजेश कच्छप, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय एवं श्री विनोद पांडेय सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

###

==========================

TeamPRD(CMO)